Tender Heart High School, Sector-33-B, Chandigarh.

कक्षा - तीसरी

शिक्षिका - श्रीमती कल्पना शर्मा

विषय - हिन्दी साहित्य

पुस्तक : तरंग हिन्दी पाठमाला-3

पाठ-10 'राष्ट्रीय पक्षी-मोर' के प्रश्न-उत्तर

सुप्रभात प्यारे बच्चो!

आज हम कक्षा-तीसरी की हिन्दी साहित्य की पाठ्यपुस्तक में दिए पाठ-10 राष्ट्रीय पक्षी-मोर के प्रश्नों के उत्तर करेंगे।

लिखित

प्रश्न 1. मोर की गर्दन कैसी होती है?
उत्तर - मोर की गर्दन सुराहीदार होती है।

प्रश्न 2. मोर के पंख कैसे होते हैं?
उत्तर- मोर के पंख सुन्दर होते हैं। इसके पंखों में नीले-नीले चंद्रमा जैसे गोल सुन्दर चिह्न होते हैं। नृत्य करते समय यह अपने पंखों को फैला लेता है।

प्रश्न 3. मोर की देह कैसी होती है?
उत्तर - मोर की देह भारी होती है, जिसके कारण यह ऊँचा नहीं उड़ पाता। यह अधिक से अधिक ज़मीन से उड़कर वृक्ष तक ही बैठ सकता है।

प्रश्न 4. मोर क्या-क्या खाता है?

कक्षा - तीसरी

विषय - हिन्दी साहित्य

उत्तर- मोर एक सर्वाहारी प्राणी है। यह कीड़े-मकौड़े, बेरियाँ इत्यादि खाता है। कभी-कभी ये साँप को भी निगल जाता है।

प्रश्न 5. मोरनी वर्ष में कितनी बार अंडे देती है?
उत्तर- मोरनी वर्ष में एक बार ही अंडे देती है जो संख्या में दस से पच्चीस तक हो सकते हैं।

प्रश्न 6. मोर ज़्यादा ऊँचा क्यों नहीं उड़ पाता?
उत्तर- देह भारी होने के कारण मोर ज़्यादा ऊँचा नहीं उड़ पाता। इसके पंख भी मोर को उड़ने में विशेष सहायता नहीं देते हैं।

---

गृहकार्य

सभी छात्र ऊपर दिए प्रश्न-उत्तर को अपनी-अपनी कॉपी में लिखेंगे व याद करेंगे।

धन्यवाद।